दिन– मंगलवार दिनांक– 03/12/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

राज्य सरकार ने भूमि सर्वेक्षण के लिए स्वघोषणा की समय सीमा छह महीने के लिए और बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि अब रैयत का दावा करने के लिए साठ दिन और दावे के निपटारे के लिए साठ दिन का समय मिलेगा। वहीं, एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने शंकर नेत्रालय फाउंडेशन को पटना में आंखों के इलाज के लिए सुपर स्पेशलिटी अस्पताल खोलने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। कंकड़बाग में यह अस्पताल खोला जाएगा। इस अस्पताल में ढाई लाख रूपये वार्षिक से कम आमदनी वाले मरीजों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। साथ ही अन्य मरीजों को भी सब्सिडी मिलेगी।

————————————————————————

प्रदेश में पैक्स चुनाव के पांचवे और अंतिम चरण के तहत शांतिपूर्ण माहौल में मतदान जारी है। इस चरण में तैंतीस जिलों के एक सौ सात प्रखंडों के एक हजार अंठानवे पैक्स के लिए वोट डाले जा रहे हैं। राज्य निर्वाचन प्राधिकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार नक्सल प्रभावित प्रखंडों में दोपहर तीन बजे तक मतदान की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी। शेष प्रखंडों में शाम साढ़े चार बजे तक मतदान होगा। मतों की गिनती कल होगी। छह दिसम्बर तक राज्य में पैक्स चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

————————————————————————

राज्य सरकार ने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटे भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी कुंदन कृष्णन को पुलिस मुख्यालय का अपर पुलिस महानिदेशक बनाया है। सरकार ने जे.एस. गंगवार को महानिदेशक मुख्यालय के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया है। वहीं, पंकज दाराद को अपर पुलिस महानिदेशक, विधि व्यवस्था के पद पर भेजा गया है। पुलिस महानिरीक्षक, आतंकवाद निरोधक दस्ता के पद पर शालीन की नियुक्ति की गई है। विवेक कुमार को पुलिस उप महानिरीक्षक, भागलपुर, संजय सिंह

को अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण और विवेकानंद को बिहार एटीएस का उप महानिरीक्षक बनाया गया है।

———————————————————————

शिक्षा विभाग ने वर्ष दो हजार पच्चीस का कैलेंडर जारी कर दिया है। कैलेंडर के अनुसार अगले वर्ष सरकारी विद्यालयों में बहत्तर दिनों की छुट्‌टी होगी। विभाग ने कैलेंडर में शीतकालीन छुट्‌टी को भी मंजूरी दी है। अगले वर्ष पच्चीस दिसम्बर से इकतीस दिसम्बर के बीच विद्यालयों में शीतकालीन छुट्‌टी रहेगी। वहीं, दो जून से इक्कीस जून तक गर्मी की छुट्‌टियां रहेंगी।

———————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी प्रखंड की अमरख पंचायत के राजस्व कर्मचारी जसपाल कुमार को बीस हजार रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कर्मी जमीन के दाखिल–खारिज के लिए शिकायतकर्ता से घूस ले रहा था। ब्यूरो की टीम ने उसके कार्यालय और आवास पर भी छापेमारी की। साथ ही जांच एजेंसी ने कुढनी के अंचलाधिकारी के घर पर भी छापेमारी की है।

———————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज देश के पहले राष्ट्रपति देशरत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की एक सौ चालीसवीं जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। मुख्य समारोह पटना में राजभवन के राजेन्द्र चौक और बांस घाट स्थित उनकी समाधि स्थल पर आयोजित किया गया, जहां राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद के जन्म स्थान सीवान के जीरादेई में भी उनकी जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सदाकत आश्रम स्थित बिहार विद्यापीठ में भी विशेष आयोजन किया गया। राज्य में उनकी जयंती मेधा दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस अवसर पर पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा में राज्य टॉपर रहे पंचानवे विद्यार्थियों को नकद राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

———————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत दरिया छपड़ा गांव के पास मोटर साईकिल और डीजे ट्रॉली की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।